साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## महत्वपूर्ण एवं खास

### परसदा रेलवे समपार फाटक आज दिनभर के लिए बंद रहेगा

**रायपुर, (आरएनएस)।** रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले परसदा रेलवे समपार फाटक क्रमांक सं. 429 (कि.मी. 840/2-4) मिडिल लाईन में आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण सड़क यातायात के लिए 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 50 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगी।

### रायपुर गेवरा रोड मेमु के समय में आंशिक परिवर्तन

**रायपुर, (आरएनएस)।** यात्रियों की सुविधा के तहत ट्रेन नम्बर 68746 रायपुर - गेवरा रोड़ मेमु के समय में आंशिक परिर्वतन किया जा रहा है। यह परिर्वतन आज से प्रभावी होगा। यह गाड़ी रायपुर स्टेशन से 13.10 बजे के स्थान पर परिर्वतन समय 13.55 बजे छुटेगी। बिलासपुर स्टेशन से 15.40 बजे के स्थान पर परिर्वतन समय 17.10 बजे छुटेगी। गेवरा रोड़ स्टेशन 18.00 बजे के स्थान पर परिर्वतन समय 19.30 बजे पहुँचेगी।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह 23 को

**रायपुर , (आरएनएस)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा 23 अप्रैल को रायपुर के मेडिकल कॉलेज के सभागृह में दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम 23 अप्रैल को सवेरे 11.30 बजे प्रारंभ होगा।

### आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच सिविल सेवा के अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन की जरूरत : अजय सिंह

*सिविल सेवा के अधिकारियों में आत्मविश्वास जरूरी : एस.के. मिश्रा*

**रायपुर ,(आरएनएस)।** सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आज सिविल सेवा के अधिकारियों का रायपुर के नवीन विश्राम गृह में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सेवा के कार्यों और चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिविल सेवा अधिकारियों के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्य सचिव अजय सिंह ने कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि वर्ष 2006 से लगातार सिविल सेवा दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा के अधिकारियों के अच्छे परफारमेंस के बदौलत छत्तीसगढ़ में खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हेल्थ स्कीम (मितानिन), प्रधानमंत्री आवास योजना, कौशल उन्नयन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का अम्बिकापुर मॉडल आदि अनेक गुणवत्तापूर्ण कार्य हुए है, जिसके कारण देश में छत्तीसगढ़ की अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में अनेक बदलाव और चुनौतियां आयी हैं। हमें इन चुनौतियों का सामना करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। पूर्व मुख्य सचिव एस.के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल सेवकों को बहुआयामी कार्य करने होते हैं। वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के दौर के बाद सिविल सेवकों के कार्य प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आए हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के कई अनुभव बताए और कहा कि सिविल सेवकों के नैतिक व्यवहार क्या होना चाहिए। सिविल सेवकों में किसी भी कार्य को करने के लिए आत्मविश्वास होना जरूरी है। कार्य के सफलतापूर्वक निर्वहन के लिए कोई भी चुनौती आने पर अपने आत्मविश्वास में कमी नहीं आने देना चाहिए। पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव माथुर ने सिविल सेवकों को अपने संबोधन में कहा कि आप देश के सर्वश्रेष्ठ मस्तिष्क हैं। हमेशा मानवीय भावनाओं को समझते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में बेहतर कार्य करने के लिए कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला न्यायाधीश के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है। जब इन तीनों में सामंजस्य होता है, तो हर कार्य आसान हो जाते हैं। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ए.के. सिंह ने कहा कि आज सिविल सेवकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य सम्पादित किए जा रहे हैं, जिसमें उनके वर्कलोड में काफी बढ़ोत्तरी भी हुई है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सभी सिविल सेवक अपना विशिष्ठ योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित आयोजित सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवा के अधिकारियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री के संबोधन को सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाऊस में सीधा प्रसारण कराया गया। सभी अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा, भारतीय रेलवे एवं पोस्टल सेवा सहित विभिन्न सेवाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

### लमना में आयोजित हुआ स्वच्छ भारत दिवस

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम्य स्वराज अभियान अंतर्गत खंड स्तरीय स्वच्छ भारत दिवस पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत लमना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण मरकाम के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीके राठौर की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में शौचालय का उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया व स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सामूहिक श्रमदान अंतर्गत गांव के गली मोहल्ला की साफ सफाई में योगदान दिया गया। साथ ही स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक ने आरओएच डिपो पीपी यार्ड भिलाई का किया निरीक्षण



**रायपुर, (आरएनएस)।** मंडल रेल प्रबंधक रायपुर कौशल किशोर द्वारा दिनांक 20-4-2018 को आर ओ एच डिपो पी पी यार्ड भिलाई का निरीक्षण किया गया। पी पी यार्ड में किये गये अनेक इनोवेटिव कार्यो का मण्डल रेल प्रबंधक ने क्रमशः अवलोकन किया। पी पी यार्ड के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप वैगन पार्क में सी बी सी असेंबली का वास्तविक कार्यरत प्रारूप लगाया गया है जिससे सी बी सी की कार्यप्रणाली को बहुत आसानी से समझा जा सकता है। इसके द्वारा तकनीशियन प्रशिक्षुओं के ज्ञान में वृद्धि होगी जिससे मार्ग में होने वाले विफलताओं में कमी आयेगी और गाड़ियों के अनुरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन में सहायता मिलेगी। पी पी यार्ड में एक आयुर्वेदिक उद्यान विकसित किया गया है जिसमे विभिन्न प्रकार के आयुर्वेदिक पौधे लगाये गए हैं जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। जिन्हें पी-पी-यार्ड के कर्मचारी भी प्रयोग कर सकेंगे। बोगी अनुभाग में रेवेटिंग के बदले ध्वनि रहित हक बोल्टिंग का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण कम हो रहा हैं। डिस्ट्रीब्युटर वाल्व ओवर हॉलिंग अनुभाग में बाक्सन वैगन में प्रयोग होने वाली ब्रेक परीक्षण बेंच को संसोधन करके बाक्सन एच एल वैगन के बोगी माउंटेड ब्रेक सिस्टम के परीक्षण हेतु तैयार किया गया है, यह कार्य सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। भीषण गर्मी से राहत के लिये पी-पी-यार्ड के बोगी अनुभाग में एक वाटर मिस्ट लगाया गया है जो कर्मचारियों की सुविधा हेतु सकारात्मक पहल है। इसके फलस्वरूप कार्यस्थल में तापमान में कमी महसूस की गयी और कर्मचारियों द्वारा राहत महसूस की जा रही हैं। इसी तरह कोल एम्प्टी यार्ड व एफएम यार्ड में माल गाड़ियों के परीक्षण के पश्चात् हस्त लिखित ब्रेक पावर सर्टिफिक्रेट दिया जाता है जिसे लेकर लोको चालक एवं गार्ड गाड़ी को रवाना करते हैं। हाल ही में रेलवे बोर्ड द्वारा कम्प्युटर चलित आनलाईन ब्रेक पावर सर्टिफिक्रेट देने का निर्देश दिया गया हैं। इसी निर्देश के अनुसार आनलाईन ब्रेक पावर सर्टिफिक्रेट देने का पद्धति एवं उपकरणों का इंतजाम किया गया हैं। इस पद्धति को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चालू कर पहला आनलाइन ब्रेक पावर सर्टिफिक्रेट बनाया गया एवं इन्होनें सुधीर कुमार सिंह वरि. सेक्शन इंजीनियर को पहला आनलाइन ब्रेक पावर सर्टिफिक्रेट प्रदान किया। इसके पश्चात् मंडल रेल प्रबंधक ने पी.पी.यार्ड के कर्मचारियों, सुपरवाइजर एवं अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होनें पी.पी.यार्ड द्वारा 2017-18 में किये गये कार्यों की सराहना की और उत्साहवर्धन किया। अंत में यहां कार्यरत 74 कर्मचारी एवं सुपरवाइजरों को नगद पुरस्कार (कुल रू 25,000/-) प्रदान किया।

## सेल टैक्स विभाग को लाखों रूपए की क्षति पहुंचाने वाला आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

*फर्जी फर्म बनाकर करता था बोगस बिलिंग और चोरी करता था टैक्स*



**रायपुर, (आरएनएस)।** फर्जी फर्म बनाकर 14 लाख 54 हजार रूपए का टैक्स चोरी कर सेल टैक्स विभाग को क्षति पहुंचाने वाला आरोपी को पुलिस के टीम ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। मामले की खुलासा करते हुए कोतवाली सीएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि गत 28 जून 2014 को वाणिज्य कर अधिकारी प्रार्थी राजीव बख्शी ने थाने में शिकायत किया था कि आरोपी प्रदीप शर्मा पिता बद्री प्रसाद शर्मा 68 वर्ष निवासी वैशाली नगर भिलाई के द्वारा मेसर्स कंचन स्टील इंडस्ट्रीज के नाम से 1 दिसंबर 2006 को हीरापुर जरवाय रायपुर में आयरन, स्टील, मशीनरी, स्पंज आयरन एवं स्क्रेप खरीदी बिक्री के लिए पंजीयन कराया था। जिसको सेल टैक्स विभाग द्वारा टिन नंबर 22091901860 जारी किया गया था। आरोपी प्रदीप के द्वारा वर्ष 2012 से 2014 के मध्य पंजीयन कराए गए फर्म के माध्यम से बोगस बिल जारी किया गया था। आरोपी के द्वारा मेसर्स कंचन स्टील इंडस्ट्रीज के माध्यम से अलग-अलग खरीददारों को 290.85 लाख रूपए का वेट टैक्स के रूप में राजस्व शासन को प्राप्त होना था। लेकिन आरोपी द्वारा फर्जी बिक्री बीजक जारी करते हुए अवैध लाभ अर्जित कर शासन को 14.54 लाख रूपए का क्षति पहुंचाया। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए
और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए,
तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित है।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

### नगरीय निकायों में निष्ठा एप से उपस्थिति अनिवार्य

**कोरबा (आरएनएस)।** नगरीय निकायों में कार्यरत सभी प्रकार के अधिकारी-कर्मचारियों की निष्ठा एप के माध्यम से उपस्थिति लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। आगामी एक मई से समस्त अधिकारी कर्मचारी अनिवार्य रूप से निष्ठा एप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। छग शासनए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर ने उक्ताशय का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार नगरीय निकायों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत समस्त नियमितए संविदा अधिकारी कर्मचारियोंए प्लेसमेंट पर कार्यरतए कुशलए अर्द्धकुशल तथा अकुशल श्रमिकोंए स्वच्छता कमांडो तथा मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत स्व.सहायता समूहों के सदस्योंए पीएमयू में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के विशेषज्ञ तथा सपोर्ट स्टाफ निष्ठा एप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### चोरी का आरोपी मुख्तार अली पकड़ा गया

**कोरबा (आरएनएस)।** दो माह पूर्व अज्ञात चोरों ने पंप हाउस स्थित वाल्मीकि आवास के एक मकान में धावा बोलकर हजारों का सामान पार कर दिया था। घटना की रिपोर्ट सीएसईबी चौकी में दर्ज कराई गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पड़ोस में ही रहने वाला मुख्तार अली से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में मुख्तार अली चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि आवास पंप हाउस निवासी स्मिता पाठक पति महेंद्र पाठक 30 ने घटना की रिपोर्ट सीएसईबी चौकी में दर्ज कराई थी। अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, चूल्हा, फ्रिज समेत अन्य सामानों को पार कर दिया था। पुलिस आरोपी की पतासाजी कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पड़ोस में रहने वाला मुख्तार अली उर्फ छोटू को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए सामान को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत कार्रवाई की है।



### स्पीड ब्रेकर में संकेत व रेडियम लगाने की मांग



**कोरबा (आरएनएस)।** बांकीमोंगरा क्षेत्र के संयोजक सोशल मीडिया भारतीय जनता युवा मोर्चा निराकार नाहक ने कोरबा शहर के मुख्य मार्गो में बने स्पीड ब्रेकर में संकेत व रेडियम लगाने की मांग कलेक्टर से की है। संयोजक निराकार ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि औद्योगिक शहर होने से शहर के मुख्य मार्गो पर चौबीस घंटे भारी वाहनों का आना जाना एवं दबाव बना रहता है। गाड़ियों की स्पीड कम करने के लिए स्पीड ब्रेकर भी बनाए गए हैंए पर कई जगह सपीड ब्रेकर के ऊपर संकेतक न होने व स्पीड ब्रेकर के पूर्व स्पीड ब्रेकर रेडियम न होने से दिखाई नहीं पड़ता। खासकर रात्रि के समय भारी वाहनों की तेज हेड लाइट से स्पीड ब्रेकर दिखाई नहीं पड़ता है। यही कारण है कि छोट वाहन मोटर साइकिल, कार आदि ब्रेकर में उछल पड़ते हैंए जिससे दुर्घटना होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। अगर कोरबा से बांकी मोंगरा रोड की बात करें तो जितने भी स्पीड ब्रेकर हैंए किसी पर भी स्पीड ब्रेकर में संकेतक नहीं है। बांकीमोंगरा क्षेत्र से रोज हजारों की संख्या में लोग कोरबा जाते हैं।

### एनटीपीसी में पश्चिमी क्षेत्र वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू

**कोरबा (आरएनएस)।** एनटीपीसी में पश्चिमी क्षेत्र स्पोर्ट्स मीट के तहत आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को कार्यकारी निदेशक नीरज कुमार सिन्हा ने किया। उद्घाटन मैच एनटीपीसी सीपत व कोरबा के बीच खेला गया। सीपत की टीम कोरबा को हराकर विजयी घोषित हुई। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी कोरबा में क्षेत्रीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस मीट में क्रिकेट व वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने एनटीपीसी की पश्चिमी क्षेत्र की कोरबा, सीपत, लारा, गाडरवारा और खरगोन परियोजना से टीम आई हुई है। इस अवसर पर सी आइ एस एफ के कमांडेंट वाईके यमुना, महा प्रबंधक तकनीकी सेवाएं सी दक्षिणामूर्ति, महा प्रबंधक अनुरक्षण डी एन तिवारी, महा प्रबंधक ईंधन प्रबंधन बासुराज गोस्वामी, महा प्रबंधक प्रचालन असित दत्ता, यूनियन एवं एसोसिएशन एवं स्पोर्टस काउंसिल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खुलेआम शराबखोरी करने वाले 11 लोग गिरफ्तार

**रायपुर, (आरएनएस)।** सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराबखोरी करने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उरला थाना पुलिस ने अपने इलाके में आरोपी संतोष पिता रामजी 32 वर्ष निवासी नागेश्वर नगर बीरगांव को बीरगांव बजरंग चोक के पास खुलेआम शराब पीते हुए पकड़ा। इसी तरह देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी अविनाश गौतम पिता ललन प्रसाद वर्मा उम्र 27 साल निवासी लोधीपारा पण्डरी को एल.आई.सी.बिल्डिंग के पास, डीडी नगर थाना पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र कुमार तिवारी पिता जय कुमार तिवारी उम्र 46 साल निवासी विकास विहार कालोनी रायपुरा को पूनम होटल के पास, आरोपी मजहर हुसैन पिता सादिक अली उम्र 42 साल निवासी सेक्टर 2 डीडी नगर रायपुर को सेक्टर 2 डीडी नगर छोटा गार्डन के पास खुलेआम शराबखोरी करते हुए पकड़ा। इसी तरह आमानाका थाना पुलिस ने आरोपी ललीत लहरी पिता विष्णु लहरी उम्र 20 साल निवासी रायपुरा डीडी नगर को टाटीबंद चौक के पास, कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी नरेंद्र नारंग पिता संतराम नारंग उम्र 25 साल निवासी पेंशनबाडा, रोशन भतप्रहरी उम्र 19 साल को मोतीबाग गार्डन के पास से शराब पीते हुए पकड़ा है।

## सिक्खों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को अपनाया अब सेवा की ओर उन्मुख - केम्बो

**सिक्ख समाज मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल करे ङ्क गुरुमुख सिंह होरा**

**रायपुर, (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में रह रहे सिक्ख जितनी नम्रता से रहते है वह उतनी सेवा भी करते हैं। सिक्ख धर्म में परमात्मा ने हमें सेवा और सिमरन करने की सीख दी है। उसी सीख के फलस्वरुप सिक्खों ने अपनी रोजी रोटी के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य और उसकी संस्कृति को अपना लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह केम्बो ने आज छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन व्दारा आयोजित समाज के लिए सिक्ख अधिकारियों के योगदान विषय पर आयोजित एक सेमीनार में मुख्य अतिथि के रुप मे उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 50 हजार की सिखों की आबादी में लगभग 10 हजार सिक्ख बहुत ही सहजता के साथ छत्तीसगढ़ी भाषा में बात करते हैं। इस अवसर पर सीजी सिक्ख आफिसर्स डॉट काम वेबसाईट का विमोचन भी किया गया। धमतरी के विधायक गुरुमुख सिंह होरा ने इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सिक्खों को छत्तीसगढ़ राज्य में कई स्तर पर जनता के प्रतिनिधित्व का करने का अवसर मिला हुआ है। इसका कारण है सिक्खों का व्यवहार और हमेशा एक दूसरों की मदद करने का स्वभाव। छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन अपने समाज की समस्याओं के साथ ही अन्य सभी समाज के लोगों की मदद करेगा यह एक अच्छी और व्यापक सोच है। उन्होंने कहा राज्य में डॉक्टरों की आवश्यकता को देखते हुए सिक्ख समाज को एक मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सवन्नी ने इस मौके पर कहा कि राज्य में सिक्खों ने अपने कार्य और मेहनत के बल पर सर्व समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सिक्ख अधिकारियों ने राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अच्छी बात है कि सेवानिवृत और कार्यरत अधिकारियों की इस एसोसियेशन ने लोकहित में जो कार्य प्रारंभ किया है वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर संयोजक जी।एस, भामरा ने एसोसियेशन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सिक्ख धर्म की परंपरा के अनुसार 'सरबत का भला' और छत्तीसगढ़ में 'सर्व समाज के हित में' काम करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन का गठन किया गया है।